held in New Delhi from the 12th to 14th January, 1978, which identified suitable projects for collaboration in the field of solar energy for consideration by both the Governments

**Training to Retiring Servicemen in Public Sector Undertakings**

2975 SHRI SHANKERSINHJI VAGHELA Will the Minister of DEFENCE be pleased to state

(a) whether there is a scheme, Government are considering, a proposal to give job training in civil life in selected central and state public sector undertakings to the retiring servicemen, and

(b) if so, the full particulars thereof?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI JAGJIVAN RAM) (a) and (b) A scheme to provide training to service personnel during the last year of their service in various Government and Central Public Sector Undertakings is at preliminary stage of consideration

**हिन्दी में जारी किये गये परिपत्र**

2976. श्री रामप्रसाद देशमुख : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनके मंत्रालय में राजभाषा अधिनियम, 1963 के अन्तर्गत बनाये गये नियमों की धारा 3(3) उपबन्धों का पूरी तरह पालन किया जा रहा है ,

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1977 के गत 6 महीनों में कुल कितने सामान्य आदेश परिपत्र, नोटिस निविदायें तथा परमिट जारी किये गये और उनमें से कितने आदेश आदि हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में जारी किये गये , और

(ग) यदि उक्त धारा के उपबन्धों का पूरी तरह पालन नहीं किया जा रहा है तो इसके क्या कारण हैं और इसका पालन कराने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : (क) से (ग) अपेक्षित सूचना एकत्रित की जा रही है और उसको यथा समय सदन की मेज पर रख दिया जाएगा ।

**जांच आयोगों के समक्ष पड़े मामलों से संबंधित फाइलों का कथित गुम होना**

2977 चौधरी रामगोपाल सिंह क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या वर्तमान सरकार द्वारा नियुक्त किये गये जांच आयोगों के विचाराधीन मामलों से संबंधित कुछ फाइलें गुम हो गयी हैं,

(ख) इस बारे में पूरा विवरण क्या है , और

(ग) इस बारे में क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री धनिक लाल मण्डल ) (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी ।

**कागज के मूल्य**

2978. श्री गंगा भक्त सिंह : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) उन मिलों के नाम क्या है जिन्होंने 5 जनवरी 1978 से मनमाने ढंग से कागज के मूल्य बढ़ा दिये है ,

(ख) उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही करने का विचार है, और

(ग) कागज की कमी पूरी करने के लिये सरकार किन प्रस्तावों पर विचार कर रही है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती आभा माईति) : (अ) सूचना मिली है कि कि मैसर्स ओरिएन्ट पेपर मिल व टीटागढ़ पेपर मिल ने 31-12-1977 के बाद से कुछ किस्म के कागज के मूल्यो को बढा दिया हैं ।

(ख) हालाकि कागज के मूल्यो पर कोई वैधानिक नियंत्रण नही है तो भी सरकार कागज उद्योग द्वारा पर्याप्त औचित्य के बिना एक तरफा कागज के मूल्यो मे वृद्धि करने की प्रवृत्ति को हतोत्साहित कर रही है । इन कागज मिलो द्वारा सरकार से परामर्श लिए बिना मूल्यो मे की गई वृद्धि के बारे मे कागज उद्योग को सरकार की नाराजगी की जानकारी दे दी गई है ।

(ग) 8 मार्च 1978 को जारी किए गए कागज (उत्पादन विनियमन) आदेश 1978 मे अन्य बातो के साथ-साथ यह भी निर्दिष्ट किया गया है कि प्रतिदिन 25 मी० टन या उससे अधिक की अधिष्ठापित क्षमता वाली कागज मिलो को कुल उत्पादन की 30 प्रतिशत सीमा तक छपाई का सफेद कागज तथा कुल उत्पादन की कम से कम 33 प्रतिशत मात्रा मे पाच अन्य किस्मो के लिखाई व छपाई (क्रीम लेड या बोव पेपर, रंगीन छपाई कागज, डुप्लीकेटिंग पेपर, आफसेट या लिथो पेपर और टाईपिग पेपर) कागज का उत्पादन करना होगा जिसमे मे कम से कम 20 प्रतिशत क्रीम लेड या बाब पेपर का उत्पादन होगा । आशा है कि ऐसा होने के फलस्वरूप आम प्रयोग म आने वाला कागज अधिक मात्रा मे उपलब्ध हो सकेगा और परिणामस्वरूप मूल्य स्थिति भी सुधरेगी ।

**Distribution of Control Cloth for Garhwal Division**

2979 SHRI JAGANNATH SHARMA Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state

(a) whether Government have formulated any scheme for the Textile Mills for allocation and distribution of control cloth for the Garhwal Division, and

(b) if so, what is the quota attributed to each Textile Mill to fulfil the requirements of backward areas of U P especially Garhwal Division?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRIMATI ABHA MAITI) (a) Allocations of controlled cloth produced by mills are made monthly to the different States pro-rata on basis of population, distribution to different regions within the State is the responsibility of the State Government.

(b) Does not arise

**संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य**

2980 श्री हुकमदेव नारायण यादव : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) संघ लोक सेवा आयोग के कुल कितने सदस्य है और उनमे हरिजन, आदिवासी महिलाये, तथा पिछडी जातियो के सदस्यो की संख्या कितनी है , और

(ख) यदि इन श्रेणियो के सदस्य नही हैं तो क्या सरकार का विचार इन श्रेणियो के सदस्य नियुक्त करने का है और यदि नही तो इसके क्या कारण है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस० डी० पाटिल) (क) और (ख) संघ लोक सेवा आयोग की स्वीकृत सदस्य-संख्या 9 है । इस समय वहा 8 सदस्य है जिनमे से एक सदस्य अनुसूचित जाति का है । आयोग मे नियुक्तिया करते समय सर्वप्रथम इस बात को ध्यान मे रखा जाता है कि व्यक्तियो के पास विभिन्न विषयो मे विविध प्रकार के अनुभव तथा प्रतिभा अवश्य हो, जिससे कि आयोग के सामने आने वाली विभिन्न समस्याओं को पर्याप्त रूप मे निपटाया जा सके । इस शर्त के साथ,